सत्यमेव जयते

झारखण्ड गजट

असाधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

15 भाद्र, 1945 (श०)

संख्या - 551 राँची, बुधवार, 6 सितम्बर, 2023 (ई०)

गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग।

अधिसूचना

24 अप्रैल, 2023

संख्या-09/निजी सुरक्षा (07)-14/2021-2165--निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम, 2005 (2005 का 29) की धारा 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और झारखण्ड निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियामक) नियमावली, 2010 का, उन बातों के सिवाय जिन्हें अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, अधिक्रांत करते हुए झारखण्ड सरकार एतद् द्वारा निम्नलिखित नियमावली बनाती है:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ-

(1) यह नियमावली ''झारखण्ड निजी सुरक्षा अभिकरण नियमावली, 2023'' कही जा सकेगी ।

(2) यह नियमावली राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगी ।

2. परिभाषाएं.- इन नियमों में, संदर्भ से जब तक अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम, 2005 (2005 का 29) ;

(ख) "अभिकरण" से अभिप्रेत है निजी सुरक्षा अभिकरण ;

(ग) "नियंत्रक प्राधिकारी" का वही अर्थ होगा जो अधिनियम की धारा 2 के खंड (ख) में उसके लिए निर्दिष्ट है;

(घ) "प्रारूप" से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न प्रारूप ;

(ङ) "अनुज्ञप्ति" से अभिप्रेत है अधिनियम के अधीन अनुदत्त अनुज्ञप्ति ;

(च) इन विनियमों में जिन शब्दों और अभिव्यक्तियों को परिभाषित नहीं किया गया है परंतु जिन्हें अधिनियम में परिभाषित किया गया है उनके वही अर्थ होंगे जो क्रमशः उनके लिए अधिनियम में निर्दिष्ट है ।

3. अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के लिए आवेदन-

(1) प्रत्येक अभिकरण जब अनुज्ञप्ति को अनुदत्त करने के लिए नियंत्रक प्राधिकारी को प्रारूप 1 में आवेदन कर रहा है तब अपने पूर्ववृत्त के सत्यापन के लिए प्रारूप 2 को भी संलग्न करेगा ।

(2) यदि आवेदक कोई कंपनी, कोई फर्म या व्यक्तियों का संगम है तो प्रारूप 1 में आवेदन, कंपनी के प्रत्येक स्वत्वधारी या बहुसंख्यक शेयरधारक, भागीदार या निदेशक, जैसे कि वे भी आवेदक हैं, द्वारा प्रारूप 2 साथ में होगा। इसके अतिरिक्त, अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (2) में अंतर्वलित उपबंधों के संबंध में ब्यौरों को सम्मिलित करते हुए वह प्रारूप 3 में एक शपथ पत्र दाखिल करेगा।

(3) नियंत्रक प्राधिकारी, प्रारूप 1, प्रारूप 2, प्रारूप 3 की प्राप्ति पर आवेदन की अन्तर्वस्तु और आवेदक की विशिष्टियों का सत्यापन करने के लिए ऐसी जांच, जो वह आवश्यक समझे, कर सकेगा ।

(4) नियंत्रक प्राधिकारी आवेदक के पूर्ववृत्त के सत्यापन के उद्देश्य के लिए अपराध और आपराधिक के इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस जैसे अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और तंत्र (सीसीटीएनएस), अंतर-संचालन आपराधिक न्याय तंत्र (आईसीजेएस) का उपयोग करेगा ।

(5) जब कभी किसी आवेदक का पूर्ववृत्त पहले ही किसी अन्य राज्य में सत्यापित कर लिया गया हो और अनुज्ञप्ति अनुदत्त कर दी गई हो, तब नियंत्रक प्राधिकारी के लिए यह आवश्यक नहीं होगा कि वह नए सिरे से पूर्ववृत्त का सत्यापन करे परंतु अनुज्ञप्ति, जिसके लिए पूर्ववृत्त सत्यापित किया गया है, वैधता की अवधि के भीतर हो ।

(6) नियंत्रक प्राधिकारी को देय मांग ड्राफ्ट या बैंकर चेक या इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (3) एवं नियमावली के नियम 7 के उपनियम 3 (क एवं ख) के अधीन यथा विहित फीस के संदाय को दिखाने के लिए प्रारूप 1 के साथ संलग्न होगा ।

(7) उपनियम (1) में निर्दिष्ट आवेदन, नियंत्रक प्राधिकारी को या तो व्यक्तिगत रूप से दिया जाएगा या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक साधन के माध्यम से उसे भेजा जाएगा ।

(8) उपनियम (1) में निर्दिष्ट आवेदन की प्राप्ति पर नियंत्रक प्राधिकारी आवेदन पर उसके द्वारा प्राप्त किए जाने की तारीख लिखने के पश्चात् आवेदक को इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल अभिस्वीकृति अनुदत्त करेगा ।

(9) नियंत्रक प्राधिकारी, प्रारूप 1 में आवेदन प्राप्त करने के पश्चात्, ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसा वह आवश्यक समझे और अधिनियम के उपबंधों के अनुपालन के पश्चात् प्रारूप 4 में निजी सुरक्षा अभिकरण को अनुज्ञप्ति अनुदत्त करेगा ।

परंतु यदि निजी सुरक्षा अभिकरण ने पहले ही किसी अन्य राज्य के नियंत्रक प्राधिकारी से अनुज्ञप्ति प्राप्त कर ली है, तब अनुज्ञप्तिधारी को प्रशिक्षण की अपेक्षा आवश्यक नहीं होगी ।

(10) नियंत्रक प्राधिकारी या तो स्वयं या अपने अधिकारी के माध्यम से या किसी अन्य साधन द्वारा या अभिकरण द्वारा दिए गए पते पर निजी सुरक्षा अभिकरण के परिसर को सत्यापित करेगा ।

(11) नियंत्रक प्राधिकारी अनुज्ञप्ति को अनुदत्त करने के लिए आवेदन में यथा उल्लिखित संबंधित राज्य में निजी सुरक्षा अभिकरण के प्रधान कार्यालय को जारी करने के पंद्रह दिनों के भीतर डाक द्वारा अनुज्ञप्ति की भौतिक प्रति को परिदत्त करवायेगा जिसे वह निजी सुरक्षा अभिकरण अपने कारोबार के स्थान पर प्रदर्शित करने के लिए बाध्य होगा ।

(12) अनुज्ञप्ति को अनुदत्त करने के आवेदन को अस्वीकृत किए जाने की दशा में नामंजूरी का कोई आदेश नहीं दिया जाएगा, जब तक,-

(क) आवेदक को सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर न दिया गया हो ;

(ख) आधार, जिन पर अनुज्ञप्ति को नामंजूर किया गया है, आदेश में उल्लिखित न कर दिया गया हो ।

(13) सभी परिपेक्ष्यों से उसे पूर्ण होने पर इसकी प्राप्ति की तारीख से साठ दिनों के भीतर नियंत्रक प्राधिकारी प्रारूप 1 में आदेश पारित करेगा ।

4. अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने की शर्तें-

(1) अनुज्ञप्तिधारी, (कंपनी का प्रत्येक स्वत्वधारी या बहुसंख्यक शेयरधारक, भागीदार या निदेशक) नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा, यथा विहित, निजी सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण उसके द्वारा नियत किए गए समय के भीतर सफलतापूर्वक प्राप्त करेगा।

(2) अनुज्ञप्तिधारी के प्रशिक्षण हेतु विस्तृत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम नियमावली के परिशिष्टIII में उल्लिखित है ।

(3) प्रशिक्षण कम से कम छह कार्य दिवसों का होगा। प्रशिक्षण में सामान्यतः निम्नलिखित विषय सम्मिलित होंगे, अर्थात्:-

(i) वर्तमान सुरक्षा रूपरेखा

(क) वीआईपी सुरक्षा

(ख) आंतरिक सुरक्षा

(ग) संस्थागत सुरक्षा

(ii) निजी सुरक्षा अभिकरणों की भूमिका और कृत्य

(क) अग्नि शमन

(ख) आपातकालीन आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल

(ग) सुरक्षा कर्तव्य

(घ) विभिन्न दस्तावेजों की जांच

(ङ) सूचना सुरक्षा

(च) अभिगम नियंत्रण

(छ) विस्फोटक आईईडीएस

(ज) एंटी सबोटेज चेक (एएससी)

(झ) सुरक्षा संबंधी उपस्कर

(ञ) संसूचना उपस्कर

(ट) पेट्रोलिंग

(ठ) चौकी ड्यूटी

(iii) विधिक उपबंध

(क) निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम, 2005 (2005 का 29) और उससे संबंधित नियम

(ख) सुसंगत श्रमिक विधि

(iv) सुरक्षा अभिकरणों का प्रबंधन

(क) वर्दी

(ख) निजी सुरक्षा अभिकरणों के कार्मिकों का प्रशिक्षण

(ग) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा दस्तावेजों और रिकॉर्ड का अनुरक्षण

(घ) डाटा शेयरींग प्रोटोकॉल

(v) जनसाधारण, पुलिस और अन्य विभागों के साथ इंटरफेस

(क) जनसाधारण के साथ इंटरफेस

(ख) पुलिस और अन्य संबंधित सरकारी विभागों के साथ संपर्क

(vi) निजी सुरक्षा कार्मिक को क्या करना है और क्या नहीं करना है (आचार नियमावली)

(4) अनुज्ञप्तिधारी, नियंत्रक प्राधिकारी को अनुज्ञप्ति की प्राप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर अभिकरण का गठन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, स्थायी पता, पत्र व्यवहार के लिए पता और प्रधान वृत्ति को सूचित करेगा।

(5) अनुज्ञप्तिधारी, अभिकरण का गठन करने वाले व्यक्तियों के पते में परिवर्तन या प्रबंधन में परिवर्तन के संबंध में, ऐसे परिवर्तन के तीस दिनों के भीतर नियंत्रक प्राधिकारी को सूचना देगा ।

(6) अनुज्ञप्तिधारी, नियंत्रक प्राधिकारी को निजी सुरक्षा अभिकरण के रूप में कर्तव्यों के निर्वहन में, अभिकरण बनाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध या अभिकरण द्वारा नियुक्त या नियोजित निजी सुरक्षा गार्ड या पर्यवेक्षक के विरूद्ध विरचित किए गए किसी आपराधिक आरोप के बारे में तत्काल सूचना देगा और ऐसी संसूचना की एक प्रति उस थाने के प्रभारी अधिकारी को भेजेगा जहाँ वह व्यक्ति, जिसके विरूद्ध आरोप लगाया गया है, निवास करता है ।

(7) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी निजी सुरक्षा गार्डों के लिए शारीरिक मानकों और इन नियमों में विहित, उन प्रशिक्षण शर्तों की जिन पर अनुज्ञप्ति अनुदत्त की गई है, अपेक्षाओं का पालन करेगा ।

(8) इन नियमों में यथा उपबंधित के सिवाय, अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के लिए संदत्त फीस अप्रतिदेय होगी ।

(9) अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्ति प्राप्ति के छह माह के भीतर अपने क्रिया कलाप प्रारंभ करेगा ।

(10) क्रिया कलापों के आरंभ किए जाने में, अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (3) के अधीन यथा उपबंधित और नियम 10 के अनुसरण में कार्यालय परिसर का स्थापन और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति सम्मिलित होगी ।

5. अनुज्ञप्ति का नवीकरण-

(1) प्रत्येक अभिकरण, नियंत्रक प्राधिकारी को प्रारूप 2 और प्रारूप 3 के साथ प्रारूप 1 में, उसकी वैधता की अवधि के अवसान की तारीख से कम से कम पैंतालीस दिन पहले और अधिनियम की धारा 8 की अन्य शर्तों के अनुपालन के पश्चात् अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन करेगा ।

(2) यदि आवेदक कोई कम्पनी, कोई फर्म या व्यक्तियों का संगम है तो प्रारूप 1 में आवेदन कम्पनी के प्रत्येक स्वत्वधारी या बहुसंख्यक शेयरधारक, भागीदार या निदेशक, वैसे ही जैसे की वे भी आवेदक हैं, के लिए प्रारूप 2 साथ में होगा ।

(3) नियंत्रक प्राधिकारी, आवेदक के पूर्ववृत्त का उसी रीति से जैसा कि नियम 3 के उपनियम (4) में उल्लिखित है, सत्यापन करेगा ।

(4) नियंत्रक प्राधिकारी प्रारूप 1 में आवेदन की प्राप्ति के पश्चात् ऐसी जांच करने के पश्चात् जिसे वह आवश्यक समझे और अधिनियम के उपबंधों के अनुपालन के पश्चात् प्रारूप 4 में अनुज्ञप्ति के नवीकरण को अनुदत्त करेगा ।

(5) उपनियम (1) में उल्लिखित अवधि के भीतर अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन प्राप्त न होने की दशा में, अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात् गैर अनुज्ञप्ति प्राप्त अभिकरण माना जाएगा ।

(6) अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन करने की अवधि के अवसान के पश्चात् अभिकरण अधिनियम की धारा 7 के अनुसार नई अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन कर सकेगा ।

(7) अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए प्रभार्य फीस वही होगी, जैसी अनुज्ञप्ति को अनुदत्त करने के लिए नियम 3 के उपनियम (6) में विहित है ।

(8) उपनियम (1) में उपदर्शित अवधि के पश्चात् और अनुज्ञप्ति के अवसान होने से पूर्व प्राप्त किए गए आवेदन पर अनुज्ञप्ति के नवीकरण की कार्रवाई नहीं की जाएगी ।

(9) इसके सभी प्रकार से पूरा होने पर आवेदन की प्राप्ति की तारीख से तीस दिनों के भीतर नियंत्रक प्राधिकारी, प्रारूप 1 में अनुज्ञप्ति के नवीकरण के आवेदन पर आदेश पारित करेगा ।

(10) अनुज्ञप्ति नवीकरण की वैधता पूर्ववर्ती अनुज्ञप्ति के अवसान की तारीख से समझी जाएगी और उसके नवीकरण की तारीख को विचार में लाए बिना पांच वर्ष तक की होगी। विद्यमान अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात् नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा आवेदन का विनिश्चय किए जाने की दशा मे मध्यवर्ती अवधि वैध अनुज्ञप्ति के अधीन समझी जाएगी ।

(11) नियंत्रक प्राधिकारी और निजी सुरक्षा अभिकरण, मानव नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण हुई देरी के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे जिसमें शामिल हैं, सिविल या सैनिक अधिकारी के कृत्य, राष्ट्रीय आपातकाल, दंगा, दैवीयकृत्य किंतु जो यहीं तक सीमित नहीं हैं ।

6. अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए शर्तें- अनुज्ञप्ति का नवीकरण निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन अनुदत्त किया जाएगा, अर्थात्:-

(i) आवेदक, नियंत्रक प्राधिकारी के अधिकार क्षेत्र में अपने कारोबार के मुख्य स्थल को बनाए रखेगा ।

(ii) आवेदक अपने निजी सुरक्षा गार्डों और पर्यवेक्षकों के लिए इस नियमावली के नियम 8 के उपनियम (2) एवं (3) के अधीन अपेक्षित प्रशिक्षण की उपलब्धता सुनिश्चित करना जारी रखेगा ।

(iii) आवेदक, अनुज्ञप्ति की शर्तों का पालन करना जारी रखेगा ।

(iv) आवेदक का आपराधिक पूर्ववृत्त न हो जिसे अपराध और आपराधिक डाटा से सत्यापित किया जा सकेगा ।

7. निजी सुरक्षा गार्ड और पर्यवेक्षक के चरित्र और पूर्ववृत्त का सत्यापन-

(1) अभिकरण, किसी व्यक्ति को सुरक्षा गार्ड या पर्यवेक्षक के रूप में नियोजित या नियुक्त करने से पहले स्वयं को निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक तरीके से ऐसे व्यक्ति के चरित्र और पूर्ववृत्तियों के बारे में संतुष्ट करेगाः-

(क) व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किए गए चरित्र और पूर्ववृत्त सत्यापन प्रमाणपत्र पर निर्भर होकर;

परंतु चरित्र और पूर्ववृत्त प्रमाणपत्र वैध हो और अभिकरण के पास किसी अन्य स्रोत से व्यक्ति के चरित्र और पूर्ववृत्त के संबंध में कोई प्रतिकूल रिपोर्ट न हो ।

(ख) नियंत्रक प्राधिकारी या पुलिस के माध्यम से चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन के लिए अपराध और आपराधिक का इलेक्ट्रॉनिक डाटा के अभिगम द्वारा जैसे अपराध और आपराधिक ट्रेनिंग नेटवर्क और तंत्र (सीसीटीएनएस), अंतर-संचालन आपराधिक न्याय तंत्र (आईसीजेएस) ।

(2) सुरक्षा गार्ड या पर्यवेक्षक के रूप में नियोजन या नियुक्ति के लिए इच्छुक व्यक्ति अभिकरण को प्रारूप 5 में आवेदन देगा। इसके अतिरिक्त, वह अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (2) में अंतर्विष्ट उपबंधों से संबंधित ब्यौरों को सम्मिलित करते हुए प्रारूप 6 में एक शपथपत्र दाखिल करेगा ।

(3) सत्यापन शुल्कः

(क) सुरक्षा अभिकरण रूपये 1000/-(एक हजार रूपये)

(ख) कंपनी की स्थिति में सभी सदस्य/भागीदार/निदेशक-500/-रूपये प्रति सदस्य/भागीदार /निदेशक

(ग) सुरक्षा प्रहरी/पर्यवेक्षक का चरित्र सत्यापन -200/- दो सौ रूपये प्रति व्यक्ति

(4) राज्य सरकार चरित्र और पूर्ववृत्त सत्यापन के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप में जमा की गई फीस की स्वीकृति करने की व्यवस्था करेगी ।

(5) प्राधिकारी जिसको आवेदन दिया गया है, सुनिश्चित करेगा कि चरित्र और पूर्ववृत्त सत्यापन रिपोर्ट चरित्र और पूर्ववृत प्रारूप की प्राप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर जारी की गई हो ।

(6) एक बार जारी की गई चरित्र और पूर्ववृत्त सत्यापन रिपोर्ट नियोजक की प्रास्थिति में परिवर्तन हो जाने के बावजूद भी पांच वर्षों तक वैध रहेगी।

(7) अभिकरण, चरित्र और पूर्ववृत सत्यापन के आधार पर प्रारूप 7 में एक चरित्र और पूर्ववृत प्रमाणपत्र जारी करेगा और यह प्रमाणपत्र ऐसे अभिकरण द्वारा वापस नहीं लिया जाएगा भले ही वह व्यक्ति अभिकरण का कर्मचारी न रहे ।

8. सुरक्षा प्रशिक्षण-

(1) राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचा के अनुरूप, सुरक्षा गार्डों के प्रशिक्षण हेतु विस्तृत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम नियमावली के परिशिष्ट-I में उल्लिखित है। प्रारंभिक स्तर के लिए यह प्रशिक्षण न्यूनतम 20 दिनों की अवधि में दिया जाने वाला, न्यूनतम 100 घंटे की कक्षा में शिक्षण तथा 60 घंटे का फील्ड प्रशिक्षण होगा। भूतपूर्व सैनिकों और पूर्व पुलिस कार्मिकों को केवल संघनित पाठ्यक्रम, न्यूनतम 40 घंटे कक्षा में शिक्षण और 16 घंटे फील्ड प्रशिक्षण होगा जो 7 कार्य दिवसों में होगा ;

(2) प्रशिक्षण में निम्न विषय होंगे ;

(क) जनता में आचरण और वर्दी को सही ढंग से धारण करना ;

(ख) शारीरिक सक्षमता प्रशिक्षण ;

(ग) शारीरिक सुरक्षा, संपत्ति की सुरक्षा, भवन/अपार्टमेंट की सुरक्षा, कार्मिक सुरक्षा, घरेलू सुरक्षा;

(घ) अग्नि शमन ;

(ङ) भीड़ नियंत्रण ;

(च) पहचान पत्र, पासपोर्ट तथा स्मार्ट कार्ड सहित पहचान संबंधी कागजातों की जांच ;

(छ) उम्मीदवार को अंग्रेजी अक्षरों तथा अरबी अंकों को पढ़ने और उन्हें समझने योग्य होना चाहिए, जैसा कि सामान्यतः पहचान दस्तावेजों, शस्त्र अनुज्ञप्ति, यात्रा दस्तावेजों और सुरक्षा निरीक्षण शीट में आते हैं ;

(ज) छुपी हुई विस्फोटक वस्तुओं की पहचान ;

(झ) प्राथमिक चिकित्सा ;

(ञ) संकट से निपटना और आपदा प्रबंधन ;

(ट) रक्षात्मक ड्राइविंग (सशस्त्र गाड़ियों के ड्राइवर के लिए अनिवार्य तथा दूसरों के लिए वैकल्पिक) ;

(ठ) अवर्जित आयुधों तथा अग्नेयास्त्रों को उठाना-रखना और उनका संचालन (वैकल्पिक);

(ड) भारतीय दंड संहिता का प्रारंभिक ज्ञान, निजी प्रतिरक्षा का अधिकार, पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया, आयुध अधिनियम (केवल प्रभावी धाराएँ), विस्फोटक अधिनियम (केवल प्रभावी धाराएँ) ;

(ढ) पुलिस तथा सैन्य बलों के रैंकों के बैज ;

(ण) जनता और पुलिस द्वारा प्रयोग किए जाने वाले विभिन्न शस्त्रों की पहचान ;

(त) सुरक्षा उपकरण और युक्तियों का उपयोग (उदाहरण के लिए सुरक्षा अलार्म और स्क्रीनिंग उपकरण) ; और

(थ) नेतृत्व और प्रबंधन (केवल सुपरवाइजरों के लिए)।

(3) सुरक्षा प्रहरियों के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण संस्थान एवं प्रशिक्षक की मानक*न्यूनतम* अर्हता मानदंड नियमावली के परिशिष्ट-IV में उल्लिखित है।

(4) सुरक्षा गार्ड को नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा विहित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करना होगा।

(5) प्रशिक्षण के पूर्ण होने पर प्रत्येक सफल प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण संस्थान प्रारूप 8 में एक प्रमाणपत्र प्रदान करेगा ।

(6) किसी एक राज्य में किसी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गार्ड/पर्यवेक्षक को जारी किया गया प्रशिक्षण प्रमाणपत्र अन्य राज्य भी स्वीकार करेंगे।

(7) नियंत्रक प्राधिकारी समय-समय पर स्वयं या अपने अधिकारियों के माध्यम से प्रशिक्षण सुविधा के कृत्यों का निरीक्षण करेगा। सामान्यतः ऐसा निरीक्षण प्रति वर्ष कम से कम दो बार किया जाएगा ।

(8) सभी प्रशिक्षण अभिकरण नियंत्रक प्राधिकारी को सफल प्रशिक्षणार्थियों की एक सूची प्रारूप XII में प्रस्तुत करेंगे ।

(9) प्रशिक्षण पूर्ण होने और रोजगार की अपेक्षा के आधार पर निजी सुरक्षा अभिकरण स्वयं अपने को पदाभिहित कर सकेगें परन्तु कोई भी अभिकरण सशस्त्र सेना, अर्ध सैनिक बल या राज्य पुलिस बल के किसी रैंक को अंगीकृत नही करेगा।

(10) नियंत्रक प्राधिकारी या तो स्वयं या अपने अधिकारियों के माध्यम से किसी निजी प्रशिक्षण अभिकरण के निजी सुरक्षा गार्डों और पर्यवेक्षकों को दिए गए प्रशिक्षण और कौशल को सत्यापित करेगा ।

(11) नियंत्रक प्राधिकारी ऐसे सुरक्षा अभिकरणों की अनुज्ञप्ति को जारी रखने के लिए या अन्यथा पुनर्विलोकन कर सकेगा, जिन्होंने अपनी पंजी में नामित कार्मिकों के प्रशिक्षण की शर्तों का अनुपालन न किया हो ।

9. सुरक्षा गार्डों के लिए शारीरिक मानदंड-

(1) कोई व्यक्ति सुरक्षा गार्ड के रूप में नियुक्त या नियोजित होने के लिए अर्हक होगा यदि वह नीचे दिए गए शारीरिक मानकों को पूरा करता है:-

(i) लम्बाई 160 से.मी. (महिला 150 से.मी.), वजन-लम्बाई-वजन की मानक सारणी के अनुसार, सीना 80 से.मी. जो 04 से.मी. फूलना चाहिए (महिलाओं के लिए सीना माप की कोई न्यूनतम आवश्यकता नहीं है),

(ii) नेत्र दृष्टि- दूर दृष्टि 6/6, निकट दृष्टि 0.6/0.6 चश्मे अथवा इसके बिना, वर्णांधता से मुक्त, सुरक्षा उपकरणों के प्रदर्श में रंगों के विभेद और पहचान करने और अंग्रेजी अक्षरों तथा प्रदर्श में अरबी के अंकों को पढ़ने और उन्हें समझने के योग्य होना चाहिए ।

(iii) संहतजानुक (नॉक नी) और चिपटा पैर (फ्लैट फूट) से मुक्त और छह मिनट में एक किलोमीटर तक दौड़ने योग्य होना चाहिए ।

(iv) श्रवण दोष से मुक्त हो ; सुनने और पुकारने की आवाज का उत्तर देने तथा सुरक्षा उपकरणों द्वारा उत्पन्न अलार्म पर प्रतिक्रिया करने योग्य हो।

(v) अभ्यर्थी तलाशी लेने, वस्तुओं को हाथ में लेने और आवश्यकता पड़ने पर व्यक्तियों को रोकने के लिए बल प्रयोग करने के लिए कुशल और समर्थ हो।

(2) अभ्यर्थी किसी छुआ-छूत की बीमारी अथवा उसके लक्षण से मुक्त हो। वह ऐसी किसी बीमारी से ग्रस्त न हो जिसका उसकी सेवा के दौरान बढ़ने की आशंका हो या जिससे वह सेवा के लिए अनुपयुक्त हो जाए या जिससे जनता के स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न हो जाए ।

(3) अभिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि उसके अधीन कार्यरत प्रत्येक निजी सुरक्षा गार्ड की स्वास्थ्य परीक्षा प्रत्येक 12 माह पश्चात्, उसकी अंतिम ऐसी स्वास्थ्य जांच के अन्तराल पर की जाती है ताकि उसकी नियुक्ति के समय निर्धारित शारीरिक मानदंड का सतत् अनुरक्षण सुनिश्चित किया जा सके ।

10. सुपरवाइजरों के लिए उपबंध-

(1) पंद्रह से अनधिक निजी सुरक्षा गार्डों के कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए एक पर्यवेक्षक होगा ।

(2) निजी सुरक्षा गार्डों के विभिन्न परिसरों में सुरक्षा ड्यूटी पर होने की दशा में और एक पर्यवेक्षक द्वारा उनके कार्य का पर्यवेक्षण करना व्यवहार्य न हो तो अभिकरण अधिक संख्या में पर्यवेक्षकों को तैनात करेगी ताकि कम से कम प्रत्येक छह सुरक्षा गार्डों की सहायता, सलाह और पर्यवेक्षण के लिए एक पर्यवेक्षक उपलब्ध हो ।

(3) सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण हेतु विस्तृत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम नियमावली के परिशिष्ट-II में उल्लिखित है ।

11. अपील और प्रक्रिया- अधिनियम की धारा 14 की उपधारा (1) के अधीन प्रत्येक अपील प्रारूप 9 में की जाएगी और उस पर व्यथित व्यक्ति या उसके प्राधिकृत अधिवक्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे

तथा उसे गृह सचिव, झारखण्ड सरकार को व्यक्तिगत रूप से या इलैक्ट्रानिक या डिजिटल प्रारूप में प्रस्तुत किया जाएगा या रजिस्ट्रीकृत डाक से भेजा जाएगा ।

12. अभिकरण द्वारा रखे जाने वाले रजिस्टर- अधिनियम के अधीन अभिकरण द्वारा रखे जाने के लिए अपेक्षित रजिस्टरों को इलैक्ट्रानिक रूप में प्रारूप 10 में रखा जाएगा।

13. फोटो पहचान पत्र-

(1) अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2) के अधीन अभिकरण द्वारा जारी प्रत्येक फोटो पहचान पत्र प्रारूप 11 में होगा ।

(2) फोटो पहचान पत्र में पूरे चेहरे का रंगीन फोटो, निजी सुरक्षा गार्ड का पूरा नाम, अभिकरण का नाम तथा उस व्यक्ति की कर्मचारी संख्या होगी, जिसे फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है ।

(3) फोटो पहचान पत्र में व्यक्ति की अभिकरण में प्रास्थिति और फोटो पहचान पत्र की वैधता की तिथि स्पष्ट रूप से उपदर्शित होगी ।

(4) फोटो पहचान पत्र को अद्यतन रखा जाएगा और विशिष्टियों में हुए किसी परिवर्त्तन को उसमें दर्ज किया जाएगा ।

(5) निजी सुरक्षा गार्ड को जारी फोटो पहचान पत्र को उसे जारी करने वाले अभिकरण को तब लौटा दिया जाएगा जब निजी सुरक्षा गार्ड और आगे उसके साथ कार्यरत नहीं रहता है या उसके द्वारा नियोजित नहीं है ।

(6) फोटो पहचान पत्र के गुम हो जाने या चोरी हो जाने पर उस अभिकरण की जानकारी में तुरंत लाया जाएगा, जिसने उसे जारी किया है ।

14. अन्य शर्तें-

(1) इस बात के होते हुए भी कि अभिकरण अपने निजी सुरक्षा गार्ड के लिए ड्यूटी पर यूनिफार्म पहनना अनिवार्य करे, या न करे, प्रत्येक निजी सुरक्षा अभिकरण अपने सुरक्षा गार्डों को ;

(क) अभिकरण की पहचान करने वाला बाजू पर पहनने वाला बैज ;

(ख) संगठन में उसका पद दर्शाने वाला कंधे या वक्ष का बैज ;

(ग) सीटी की डोरी से बंधी सीटी और जो बांये जेब में रखी जाएगी ;

(घ) फीते और सूराख सहित जूते ;

(ङ) सिर पर पहनने की टोपी जिस पर निजी सुरक्षा अभिकरण का पहचान चिह्न भी हो सकता है ;

जारी करेगा और उन्हें पहनना बाध्यकर करेगा ।

(2) निजी सुरक्षा गार्ड, जब वह ड्यूटी पर हो, तो उसके द्वारा धारण किए जाने वाले वस्त्र ऐसे होंगे जो उसकी दक्षतापूर्ण पालन में बाधा उत्पन्न न करें। विशेषकर, वे न तो बहुत तंग हों और न ही बहुत ढीले होंगे, जिससे उसकी गतिविधियों या अंगों को मोड़ने में बाधा हो ।

(3) प्रत्येक निजी सुरक्षा गार्ड अपने साथ एक नोट-बुक और एक लेखन उपकरण रखेगा ।

(4) प्रत्येक निजी सुरक्षा गार्ड, जब वह सक्रिय सुरक्षा ड्यूटी पर हो, अधिनियम की धारा 17 के अधीन जारी फोटो पहचान पत्र, अपने शरीर पर किसी सहज दृश्य स्थान पर कमर से ऊपर बाहरी वस्त्र पर प्रदर्शित करते हुए धारण करेगा ।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

(पूनम प्रभा पूर्ति),
सरकार के अपर सचिव ।

प्रारूप-1

(नियम 3, नियम 5 देखें)

निजी सुरक्षा अभिकरण का कारोबार करने के लिए अनुज्ञप्ति अनुदत्त करनेंअनुज्ञप्ति का नवीकरण करने के लिए आवेदन

सेवा में,

नियत्रंक प्राधिकारी,

.....

.....

अधोहस्ताक्षरी निजी सुरक्षा अभिकरण के क्षेत्र में सेवाएं करने का कारोबार चलाने के लिए अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करने के लिए आवेदन करता हैं

1. आवेदक का पूरा नामः .....
.....

2. आवेदक की राष्ट्रीयताः ....
.....

3. पुत्र/पत्नी/पुत्रीः .....
..... .

4. निवास स्थान का पताः ..... .
.....

.....

.....

.....

5. पता, जहां आवेदक अपना अभिकरण आरंभ करने की इच्छा रखता हैः .....
.... ..

.....

.....

6. निजी सुरक्षा अभिकरण का नामः
.....

7. निजी सुरक्षा अभिकरण के अतिरिक्त ब्यौरे (यदि लागू हों):

(क) सीआईएन नंबरः

.....

(ख) ईएसआई नंबरः

.....

(ग) ईपीएफ नंबरः

.....

(घ) श्रम अनुज्ञप्ति नंबरः

.....

(ङ) श्रम निबंधन संख्याः

.....

(च) जीएसटी नंबरः

.....

(छ) कोई अन्य

सूचनाः.....

(ज) क्या अभिकरण के पास एफडीआई है (हां/नही):

यदि हां तो निम्नलिखित जानकारी दें;

(i) एफडीआई का देशः

.....

(ii) विदेशी शेयरधारक का

नामः.....

(iii) विदेशी शेयरधारक का पताः

.....

.....

.....

(iv) विनिधान का वर्षः

.....

(v) शेयरों की संख्या

.....

(v) विदेशी शेयर धारण की प्रतिशतताः .....

(vii) एफडीआई के अनुमोदन के ब्यौरेः

.....

(कृपया एफडीआई अनुमोदन के सुसंगत दस्तावेज संलग्न करें)

8. अभिकरण के स्वत्वधारी, भागीदार, बहु संख्यक शेयर धारक निदेशक और अध्यक्ष का नाम और पताः

क्रम सं.	**प्रबंधन किस्म (स्वत्वधारी/भागीदार/बहु संख्यक शेयर धारक/निदेशक/अध्यक्ष)**	**नाम**	**पता**	**डीआईएन नंबर (यदि हो)**	**नंबर सहित पहचान का सबूत**

9. उपलब्ध सुविधाओं का नाम और विस्तारः

.....

.....

10. (क) क्या आवेदक के पास स्वयं की प्रशिक्षण सुविधा है या वह इसे आउटसोर्सिंग आधार पर लेगा?

.....

(ख) यदि आवेदक के पास स्वयं की प्रशिक्षण सुविधा है तो कृपया निम्नलिखित सूचना दें

प्रशिक्षण अभिकरण का नामः

.....

प्रशिक्षण अभिकरण का पताः

.....

.....

.....

.....

प्रशिक्षण अभिकरण की मान्यता के ब्यौरेः

.....

11. सुरक्षा सेवाओं के लिए उपयोग किए जाने वाले उपस्कर

(क) डोर फ्रेम्ड मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी)

(ख) हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी)

(ग) माइन डिटेक्टर

(घ) अन्य उपस्कर

(i) बेतार दूरभाष

(ii) अलार्म डिभाइस/उपकरण

(iii) बख्तरबंद वाहन

(iv) आयुध

12. वर्दी की विशिष्टयाँ, जिसके अन्तर्गत उसका रंग भी है (कृपया वर्दियों का रंगीन फोटो संलग्न करें) :

13. क्या आवेदक एक से अधिक जिलों में प्रचालन की इच्छा रखता है? यदि हां तो जिलों का नाम

1.....2.....

.....

3.....4.....

.....

5.....

14. क्या आवेदक संपूर्ण राज्य में प्रचालन की इच्छा रखता है? हां/नहीं

हस्ताक्षर

आवेदक का नाम

आवेदक का पता

आवेदक का दूरभाष नंबर

आवेदन की तारीख

अनुलग्नकः

1. अभिकरण के परिसर का फोटो।
2. सभी प्रबंधकीय कार्मिकों की पहचान का सबूत।
3. प्रशिक्षण अभिकरण की मान्यता के ब्यौरे (यदि लागू हों)
4. वर्दियों का रंगीन फोटो।
5. ऊपर पैरा 7 में दिए गए अभिकरण ब्यौरों के अधीन दस्तावेज (यदि लागू हों)।
6. अद्यतन आय-कर निकासी प्रमाणपत्र की प्रति।
7. अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (2) के अधीन यथाविहित शपथ-पत्र।
8. अन्य अनुलग्नक

प्रारूप-2

(नियम 3 और 5 देखें)

आवेदक के पूर्ववृत के सत्यापन के लिए प्रारूप

टिप्पणः यदि आवेदक कोई कंपनी, कोई फर्म या व्यक्तियों का संगम है तो यह प्रारूप कंपनी के प्रत्येक स्वत्वधारी या बहुसंख्यक शेयरधारक, भागीदार या निदेशक, जैसे कि वे भी आवेदक हैं, द्वारा भरा जाएगा।

आवेदक के

हस्ताक्षर.....

केवल कार्यालय के उपयोग हेतु		
प्रारूप संख्या	**पूर्ववृत सत्यापन जारीकर्ता**	**तारीख**

फीस रकम .....नगद/मांग ड्राफ्ट.....बैंक का नाम..... ..... मांग ड्राफ्ट सं.....जारी करने की तारीख.....

कृपया स्पष्ट अक्षरों में भरेः (सावधानः कृपया सही सूचना प्रस्तुत करें। प्रारूप में गलत सूचना देने अथवा तथ्यों को छिपाने से उम्मीदवार अनुज्ञप्ति की अनुदत्त के लिए अनुपयुक्त ठहराया जा सकता है)

1. आवेदक का नाम (आद्यक्षर अनुमत नहीं है)

   अंतिम नाम..... प्रथम नाम.....

2. यदि आपने अपने नाम में कभी कोई परिवर्तन किया है तो कृपया पिछले पूरे नाम (नामों) का उल्लेख

   करें.....

3. लिंग

   पुरूष/महिला.....

4. जन्म

   तिथिः.....

5. आधार

   संख्या.....

6. पैन

   संख्या.....

7. जन्म का स्थान-

   गांव/नगर.....

   जिला.....राज्य और देश.....

8. पिता का पूरा नाम/विधिक संरक्षक का पूरा नाम (उपनाम सहित, यदि कोई हो) (आद्यक्षर अनुमत नहीं

   है).....

9. माता का पूरा नाम (उपनाम सहित, यदि कोई हो) (आद्यक्षर अनुमत नहीं हैं)

.....

.....

10. यदि विवाहित है तो पति/पत्नी का पूरा नाम (उपनाम सहित, यदि कोई हो) (आद्यक्षर अनुमत नहीं हैं)

.....

.

11. वर्तमान आवासीय पता, गली/सड़क सं॰, पुलिस थाना, ग्राम तथा जिला सहित (पिन कोड संख्या भी दें)

.....

.....

.....

दूरभाष संख्या/मोबाइल संख्या.....

12. उपर्युक्त पते पर किस तारीख से निवास कर रहें लिखिएः तिथि/मास/वर्ष

.....

.....

13. स्थायी पता गली न0/थाना-ग्राम और जिला (पिन कोड सहितं)

.....

.....

.....

14. यदि आपने स्तंभ 11 में दिए गये पते पर लगातार पांच वर्ष तक निवास नहीं किया है तो कृपया अवधि सहित निवास का/के अन्य पता (पते) का उल्लेख करिए।

.....से.....तक

पता.....

.....

.....

15. विदेश में निवास के मामले में इक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात् आपने जिन स्थानों पर एक वर्ष से अधिक निवास किया हो.....

16. अन्य ब्यौरेः

(क) शैक्षणिक अर्हताएं;

.....

(ख) पूर्व में यदि किसी पद पर रहे हों तो नियोक्ता का नाम और पता ;

.....

.....

.....

(ग) पिछला नियोजन छोडने का कारण;

.....

(घ) शरीर पर विभेदक पहचान चिन्ह;

.....

(ड) पिछले तीन वर्ष की आयकर विवरणी;

क्रमांक संख्या निर्धारण वर्ष आईटीआर की प्रति संलग्न है (हां/नहीं)

1. .....

.....

2. .....

.....

3. .....

.....

(च) अधिनियम की धारा 6 के उपबंध सम्मिलित करते हुए शपथ-पत्र संलग्न हैः हां/नहीं

17. क्या आपने किसी निजी सुरक्षा अभिकरण को पहले परिचालित किया था या इसके भागीदार, बहुसंख्यक शेयर धारक या निदेशक थे? यदि हां तो अभिकरण का नाम, पता और इसकी अनुज्ञप्ति की विशिष्टियां दीजिए.....

.....

.....

18. क्या आप जन्म/विरासत/रजिस्ट्रीकरण/देशीयकरण द्वारा भारत के नागरिक हैं। यदि आप के पास अन्य कोई नागरिकता थी तो कृपया पूर्व नागरिकता का उल्लेख करें

.....

.....

.....

19. क्या आप भारत में किसी न्यायालय द्वारा किसी दांडिक अपराध के लिए दोषसिद्ध किए गए हैं और कारावास से दंडादिष्ट किए गए हैं? यदि ऐसा है तो न्यायालय का नाम, वाद संख्या, और दांडिक अपराध का विवरण दीजिए (निर्णय की प्रति संलग्न करें)

.....

.....

.....

20. क्या भारत में आपके विरुद्ध किसी न्यायालय में किसी दांडिक अपराध की कार्यवाही /कार्यवाहियां लंबित है? यदि ऐसा है तो न्यायालय का नाम, वाद संख्या और अपराध का विवरण दीजिए

....

.....

21. स्वतः घोषणाः

इस प्रारूप तथा अनुलग्नकों में दी गई सूचना सही है और मैं इसकी सत्यता के लिए पूर्णतः उत्तरदायी हूँ।

तारीख..... आवेदक के हस्ताक्षर

स्थान.....

अनुलग्नकः.....

आवेदक के हस्ताक्षर

प्रारूप-3

(नियम 3 (2) और 5 (1) देखें)

शपथ पत्र

मैं.....पुत्र/पुत्री/पत्नी/श्री/सुश्री.....

.....निवासी.....मैसर्स.....

.....(फर्म/अभिकरण/कंपनी का नाम) स्थित

..... (फर्म/अभिकरण/कंपनी का पता) का स्वत्वधारी/भागीदार/निदेशक हूँ। मैं सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान और घोषणा करता हूँ किः

1. यह कि अभिसाक्षी भारत का नागरिक है।
2. यह कि अभिसाक्षी ने 18 वर्ष आयु प्राप्त कर ली है।
3. यह कि स्वत्वधारी/भागीदारों/निदेशकों के ब्यौरे (कृपया सभी भागीदारों/निदेशकों के ब्यौरे उपदर्शित करें) निम्नानुसार हैं :

क्र.	**स्वत्वधारी/भागीदारों/निदेशकों के नाम**	**फर्म/अभिकरण/कंपनी का पदनाम स्वत्वधारी/भागीदार/निदेशक**	**निवास का पता**

4. यह कि अभिसाक्षी या कोई स्वत्वधारी/भागीदार/निदेशक किसी कंपनी के प्रचार, गठन या प्रबंधन के संबंध में किसी अपराध के लिए (फर्म/अभिकरण/कंपनी के संबध में की गई कोई धोखाधड़ी या अपकरण) के लिए सिद्धदोष नहीं किया गया है जिसके अंतर्गत अनुन्मोचित दिवालियापन भी है।
5. यह कि अभिसाक्षी या कोई स्वत्वधारी/भागीदार/निदेशक किसी अपराध के लिए सक्षम न्यायालय द्वारा सिद्धदोष नहीं ठहराया गया है, जिसके लिए विहित दंड दो वर्ष से कम का कारावास नहीं है।
6. यह कि अभिसाक्षी या कोई स्वत्वधारी/भागीदार/निदेशक-
   (क) किसी ऐसे संगठन या संघ से संबंध नहीं रखता है जिसको उसके क्रियाकलापों के लिए, जो राष्ट्रीय सुरक्षा या लोक व्यवस्था के लिए संकट खड़ा करते हैं, किसी विधि के अधीन प्रतिबंधित किया गया है; या
   (ख) ऐसे क्रियाकलापों में संलिप्त नहीं है जो राष्ट्रीय सुरक्षा या लोक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालते है।
7. अभिसाक्षी या कोई स्वत्वधारी/भागीदार/निदेशक अवचार या नैतिक अधमता के आधार पर सरकारी सेवा से पदच्युत या हटाया नहीं गया है।
8. फर्म/अभिकरण/कंपनी भारत में रजिस्ट्रीकृत है और उसके अधीन ऐसा कोई स्वत्वधारी या बहुसंख्यक शेयरधारक, भागीदार या निदेशक नहीं है, जो भारत का नागरिक नहीं है।
9. अभिसाक्षी और फर्म/अभिकरण/कंपनी के सभी भागीदार/निदेशक निजी सुरक्षा गार्डों और पर्यवेक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करके और उन्हें ऐसा प्रशिक्षण और कौशल प्रदान करके निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम, 2005 (2005 का 29) की धारा 9 की उपधारा (2) में यथाविहित उपबंधों का अनुपालन करेंगे।
10. अभिसाक्षी और फर्म/अभिकरण/कंपनी के सभी भागीदार/निदेशक निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम, 2005 (2005 का 29) की धारा 11 के अधीन यथा अनुबद्ध निम्नलिखित शर्तों को पूरा करेंगेः-

(i) विहित प्रशिक्षण जिसे अनुज्ञप्तिधारी को करना है।

(ii) अभिकरण बनाने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों के ब्यौरे।

(iii) नियंत्रक प्राधिकारी को समय-समय पर अपने पते, प्रबंधन के किसी परिवर्तन के संबंध में सूचना देने की बाध्यता।

(iv) नियंत्रक प्राधिकारी को समय-समय पर उनके द्वारा नियोजित या नियुक्त, यथास्थिति निजी सुरक्षा अभिकरण या निजी सुरक्षा गार्ड के कर्तव्यों के पालन के अनुक्रम में उनके विरुद्ध किसी भी दांडिक आरोप के संबंध में सूचना देने की बाध्यता।

(v) राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन में सक्षम प्राधिकारी अधिनियम की धारा 9 की उपधारा 2 के अधीन निजी सुरक्षा अभिकरण द्वारा अपेक्षित प्रशिक्षण दिए जाने के बारे सत्यापन करने और ऐसे निजी सुरक्षा अभिकरण की जिसने अपेक्षित प्रशिक्षण सुनिश्चित् करने की शर्तों का पालन नहीं किया हो, अनुज्ञप्ति को जारी रखने के संबंध में या अन्यथा पुनर्विलोकन करने का उपबंध कर सकेगा।

11. यह कि अभिसाक्षी के विरुद्ध पुलिस द्वारा कोई मामला रजिस्ट्रीकृत नहीं किया गया है या कोई मामला न्यायालय में लंबित नहीं है।

या

यह कि अभिसाक्षी के विरुद्ध पुलिस द्वारा कोई मामला रजिस्ट्रीकृत किया गया हैं या कोई मामला न्यायालय में लंबित है। (ब्यौरों को संलग्न करें)

12. अभिसाक्षी और फर्म/अभिकरण/कंपनी के सभी भागीदार/निदेशक अनुज्ञप्ति की शर्तों का और निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनयिम, 2005 (2005 का 29) और झारखण्ड निजी सुरक्षा अभिकरण नियमावली, 2023 के उपबंधों का अनुपालन करेंगे और

..... मेसर्स

..... नाम एवं शीर्षक वाले निजी सुरक्षा अभिकरण का प्रबंध करते हुए इस अधिनियम के अधीन नियुक्त नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा समयसमय पर जारी अनुदेशों का भी अनुपालन करेंगे।

अभिसाक्षी

सत्यापनः- मैं, ...तारीख .....को एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूँ कि इस शपथ पत्र की उपर्युक्त अंतर्वस्तु मेरे वैयक्तिक ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है और कोई बात छिपाई नहीं गई है।

अभिसाक्षी

टिप्पणः

(i) बिंदु संख्या 4 से 8 अधिनियम की धारा 6 के अनुपालन से संबंधित है।

(ii) बिंदु संख्या 9 अधिनियम की धारा 9 (2) के अनुपालन से संबंधित है।

(iii) बिंदु संख्या 10 और 11 अधिनियम की धारा 11 के अनुपालन से संबंधित है।

(iv) जो लागू नहीं होते हैं, उस बिंदु को हटा दें।

प्रारूप-4

(नियम 3 (9) देखें)

झारखण्ड सरकार

निजी सुरक्षा अभिकरण का कारोबार करने की अनुज्ञप्ति

क्रम संख्या.....

तारीख.....

निजी सुरक्षा अभिकरण का

नाम.....

श्री.....(आवेदक का नाम)

.....

पुत्र/पुत्री.....निवासी.....

.....को.....

.....पते पर स्थित कार्यालय से

..... जिले/राज्य (जो लागू न हो उसे काट दें) में निजी सुरक्षा अभिकरण का व्यवसाय के प्रचालन के लिए झारखण्ड राज्य के नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति अनुदत्त की जाती है।

जारी करने का स्थानः

जारी करने की तारीखः

यह अनुज्ञप्ति .....तक वैध है।

हस्ताक्षर

अनुदत्त प्राधिकारी का नाम

पदनाम

कार्यालय का पता

नवीकरण

(नियम, 5 (4) देखें)

क्रम संख्या	**नवीकरण की तारीख**	**अवसान की तारीख**
1.		
2.		
3.		
4.		

हस्ताक्षर

नवीकरण प्राधिकारी का

नाम

पदनाम

कार्यालय का पता

प्रारूप-5

(नियम 7 (2) देखें)

सुरक्षा गार्ड और पर्यवेक्षक के चरित्र और पूर्ववृत के सत्यापन के लिए प्रारूप

आवेदक के हस्ताक्षर.....

केवल कार्यालय द्वारा उपयोग के लिए		
प्रारूप संख्या	**चरित्र और पूर्ववृत सत्यापन जारीकर्ता**	**तारीख**

फीस रकम ..... नकद/मांगदेय ड्राफ्ट .....बैंक का नाम ..... मांगदेय ड्राफ्ट सं.-.....जारी करने की तारीख.....

कृपया स्पष्ट अक्षरों में भरेः (सावधानः कृपया सही सूचना प्रस्तुत करें। प्रारूप में गलत सूचना देने अथवा तथ्यों को छिपाने से अभ्यर्थी निजी सुरक्षा अभिकरण में नियोजन/काम पर लगाने के लिए अनुपयुक्त माना जाएगा।)

1. आवेदक का नाम जिस रूप में फोटो पहचान पत्र में है (आद्यक्षर अनुमत नहीं है)
   अंतिम नाम..... प्रथम नाम.....
2. यदि अपने नाम में कभी कोई परिवर्तन किया है तो पिछले पूरे नाम (नामों) का उल्लेख करें
   ....
3. लिंग (पुरूष/महिला) :-.....
4. जन्म की तारीख (दिन/मास/वर्ष) :-.....
5. आधार सं॰ .....
6. जन्म स्थान ग्राम/नगर.....
   जिला..... राज्य और देश.....
7. पिता का पूरा नाम/विधिक संरक्षक का पूरा नाम (उपनाम सहित यदि कोई हो) (आद्यक्षर अनुमत नहीं हैः-.....
8. माता का नाम (उपनाम सहित यदि कोई हो) (आद्यक्षर अनुमत नहीं है) :-.....
9. यदि विवाहित है तो पति/पत्नी का पूरा नाम (उपनाम सहित यदि कोई हो) (आद्यक्षर अनुमत नहीं है):- .....
10. वर्तमान आवासीय पता- गली, सड़क सं॰/पुलिस थाना, ग्राम और जिला सहित (पिन कोड संख्या भी दें)
    .....
    .....
    .....
    .....

दूरभाष नं0/मोबाइल नं0.....

11. कृपया उपर्युक्त उल्लिखित पते पर जिस तिथि से निवास कर रहे हैं उसे अंकित करें
दिन/मास/वर्ष.....
.....

12. स्थायी पता- गली नं0/पुलिस थाना, ग्राम और जिला सहित (पिन कोड सहित)
.....
.....
.....

13. यदि आपने स्तंभ (10) में दिए गए पते पर लगातार पाँच वर्ष तक निवास नहीं किया है तो कृपया अवधि सहित निवास का अन्य पता (पते) उल्लिखित कीजिए।
.....से.....तक
पता
.....
.....

14. विदेश में निवास के मामले में इक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात् आपने जिन स्थानों पर एक वर्ष से अधिक निवास किया हो; उनका ब्यौरा दीजिएः
.....
.....

15. अन्य ब्यौरेः-
(क) शैक्षणिक अर्हताएं; .....
(ख) पूर्व में यदि किसी पद पर रहे हो तो नियोक्ता का नाम और पता
.....
.....
.....
(ग) पिछला नियोजन छोड़ने का
कारण;.....
(घ) शरीर पर विभेदक पहचान
चिन्ह;.....
(ङ) लम्बाई (कद) (से. मी.)
.....
(च) अधिनियम की धारा 10 (1) और (2) के उपबंधों को सम्मिलित करते हुए शपथ -पत्र संलग्न हैं:
(हां/नहीं)

16. क्या आप केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/पब्लिक सेक्टर उपक्रम/विधि निकाय में सेवारत हैं - हां/नहीं

17. क्या आप जन्म/विरासत/रजिस्ट्रीकरण/देशीयकरण द्वारा भारत के नागरिक हैं ? यदि आप के पास अन्य कोई नागरिकता थी, तो कृपया पूर्व की नागरिकता का उल्लेख करें .....

18. क्या आप भारत में किसी न्यायालय द्वारा किसी दांडिक अपराध के लिए दोषसिद्ध किए गए हैं और कारावास से दंडादिष्ट किए गए हैं? यदि ऐसा है तो न्यायालय का नाम, वाद संख्या, और अपराध का विवरण दीजिए (निर्णय की प्रति संलग्न

करें).....

.....

19. क्या भारत में आपके विरुद्ध किसी न्यायालय में किसी दांडिक अपराध की कार्यवाही/कार्यवाहियाँ लंबित है? यदि ऐसा है तो न्यायालय का नाम, वाद संख्या और अपराध का विवरण दीजिए

.....

.....

.....

20. क्या किसी न्यायालय द्वारा कोर्ट वारंट या उपस्थिति के लिए सम्मन या गिरफ्तारी का वारंट अथवा भारत से बाहर जाने को प्रतिसिद्व करने का आदेश जारी किया गया है? यदि ऐसा है तो न्यायालय का नाम, वाद संख्या और अपराध का विवरण
दीजिए.....

.....

.....

21. स्वतः घोषणाः-
इस प्रारूप और अनुलग्नकों में मेरे द्वारा दी गई सूचना सही है और मैं इसकी सत्यता के लिए पूर्णतः उत्तरदायी हूँ।

22. अंगुलियों के निशानः

(आवेदक के हस्ताक्षर)

तारीख.....

स्थान.....

अनुलग्नकः .....

.....

.....

(आवेदक के हस्ताक्षर)

प्रारूप-6

(नियम 7 (2) देखें)

शपथ पत्र

मैं ..... पुत्र/पुत्री/पत्नी/श्री/सुश्री ..... निवासी.....(आवासीय पता) निजी सुरक्षा अभिकरण मैसर्स .... (फर्म/अभिकरण/कंपनी का नाम) स्थित ....(फर्म/अभिकरण/कंपनी का पता) में निजी सुरक्षा गार्ड/पर्यवेक्षक के रुप में रोजगार के लिए प्रस्ताव करता हूँ। मैं सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान और घोषणा करता हूँ किः-

1. यह कि मैं भारत का नागरिक हूँ।

2. यह कि मैंने 18 वर्ष आयु प्राप्त कर ली है लेकिन 65 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है। मेरे जन्म की तारीख.....है।

3. यह कि मुझे किसी सक्षम न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध नहीं किया गया है।

4. यह कि मुझे संघ के किसी सशस्त्र बल, राज्य पुलिस संगठन, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या किसी निजी सुरक्षा अभिकरण में सेवा करते हुए अवचार या नैतिक अधमता के आधार पर पदच्युत नहीं किया गया या हटाया नहीं गया है।

अभिसाक्षी

सत्यापनः मैं ..... एतद्द्वारा (तारीख).....को सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूँ कि इस शपथपत्र में ऊपर दिए गए तथ्य मेरे वैयक्तिक ज्ञान में सच और सही है और इनमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

अभिसाक्षी

टिप्पणः निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनयिम, 2005 (2005 का 29) की धारा 10 (2) के उपबंध अभिसाक्षी की जागरुकता के लिए शपथपत्र के पृष्ठभाग पर मुद्रित किए जा सकेंगे जो निम्न प्रकार है,:- ''धारा 10 निजी सुरक्षा गार्ड होने के लिए अर्हताएं।

(2) ऐसा कोई भी व्यक्ति, जिसे सक्षम न्यायलय द्वारा दोषसिद्ध किया गया है या जिसे संघ के किसी सशस्त्र बल, राज्य पुलिस संगठन, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या किसी निजी सुरक्षा अभिकरण में सेवा करते हुए अवचार या नैतिक अधमता के आधारों पर सेवा से पदच्युत किया गया या हटाया गया है निजी सुरक्षा गार्ड या पर्यवेक्षक के रुप में नियोजित या लगाया नहीं जाएगा।''

प्रारूप-7

(नियम 7 (7) देखें)

चरित्र और पूर्ववृत प्रमाण-पत्र

(यह प्रमाण-पत्र निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनयिम, 2005 के नियम में सम्मिलित किए गए उपबंधों के अधीन जारी किया गया है)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री..... पुत्र/पुत्री .... जिसके ब्यौरे निम्नलिखित हैं, अच्छे नैतिक चरित्र के और प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, और पिछले एक वर्ष से निम्न पते पर लगातार निवास कर रहे हैं:-

जन्म तिथिः

.....

जन्म स्थानः

.....

शैक्षिक अर्हताः

.....

व्यवसायः

.....

वर्तमान पताः

.....

स्थायी पताः

.....

यह प्रमाण-पत्र ..... (प्रमाण-पत्र के स्रोत) के आधार पर जारी किया गया है और जारी करने की तारीख से पाँच वर्ष की अवधि तक वैध होगा।

जारीकर्ता प्राधिकारी
हस्ताक्षर
नामः
पदनामः
पता/दूरभाष नं.:-

जारी करने की तारीखः

प्रारूप-8

(नियम 8 (5) देखें)

प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र

क्रम संख्या

प्रशिक्षण अभिकरण का नाम
प्रशिक्षण अभिकरण का पता
प्रशिक्षण अभिकरण मान्यता संख्या

इस अभिकरण की मान्यता ..... तारीख तक वैध है।

प्रमाणित किया जाता है कि
श्री/सुश्री..... पुत्र/पुत्री
श्री.....निवासी.....
ने.....से.....तक राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचा (एन एस क्यू एफ) के मानक के अनुसार निजी सुरक्षा गार्ड/पर्यवेक्षक के रुप में नियुक्ति या काम पर रखे जाने के लिए निर्धारित प्रशिक्षण पूरा कर लिया है।

उसके हस्ताक्षर नीचे सत्यापित हैं।
प्रमाण-पत्रधारी के हस्ताक्षर

जारीकर्ता प्राधिकारी के हस्ताक्षर
पदनामः

जारी करने का स्थानः
जारी करने की तारीखः

प्रारूप-9

(नियम 11 देखें)

अपील के लिए प्रारूप

अधिनियम, की धारा 14 के अधीन अपील

अपीलकर्त्ता .....

पुत्र/पुत्री .....निवासी.....

बनाम

नियंत्रक प्राधिकारी.....

तारीख.....के..... (नियंत्रक प्राधिकारी) के आदेश, और..... (निजी सुरक्षा अभिकरण का नाम) के प्रचालन के लिए अनुज्ञप्ति अस्वीकार किए जाने के आदेश के विरुद्ध उपर्युक्त अपीलकर्ता गृह सचिव झारखण्ड सरकार को अपील करते हैं, और आदेश के विरुद्ध आपत्ति के निम्न आधार दिए गए हैं।

1. .....
2. .....
3. .....
4. .....

संलग्न दस्तावेजों की सूचीः

.....

.....

हस्ताक्षर

अपीलकर्ता का नाम व पदनाम

तारीखः

स्थानः

प्रारूप-10

(नियम 12 देखें)

(विशिष्टियाँ-रजिस्टर)

(रजिस्टर-क प्रबंधन ब्यौरे)

क्रम संख्या	अभिकरण का प्रबंध देखने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम	माता-पिता/पिता का नाम	वर्तमान पता और दूरभाष संख्या	स्थायी पता	राष्ट्रीयता	अभिकरण में नियुक्ति/छोडने की तारीख

(रजिस्टर-ख निजी सुरक्षा गार्ड तथा पर्यवेक्षक)

क्रम संख्या	गार्ड/ पर्यवेक्षक का नाम	पिता का नाम	वर्तमान पता और दूरभाष संख्या	अभिकरण में नियुक्ति/ छोड़ने की तारीख	स्थायी पता	फोटोग्राफ	अंगुलियों के निशान	कर्मचारी संख्या	तारीख सहित वेतन, ईसआई, ईपीफ, संख्याएं और बैंक/शाखा जिनके माध्यम से संदत है।
1									
2									

(रजिस्टर-ग ग्राहक)

